हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

11 कवियों ने देर रात तक श्रोताओं को खूब गुदगुदाया



12 घुमंतू गौवंश की सुरक्षा के लिए बनेगा गौधाम



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**मगरलोड।** सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत हो गई। मगरलोड थाना से मिली जानकारी अनुसार 29 नवंबर शनिवार को ग्राम जामली निवासी मोहन साहू पिता हुमन साहू उम्र 28 वर्ष किसी काम से मगरलोड गया था। घर लौटते वक्त रात्रि लगभग 8.20 बजे उनकी बाइक शासकीय कर्मचारी कॉलोनी लुगे के पास मेन रोड किनारे सिग्नल पोल से टकरा गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी प्रधान आरक्षक कमलेश ध्रुव ने बताया कि पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। आगे की जांच जारी है।

### नाबालिग छात्रा सहित दो ने लगाया मौत को गले

**धमतरी।** दुगली थानांतर्गत ग्राम सारंगपुरी की कक्षा 8वीं की छात्रा रितिका साहू 13 वर्ष ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली। रितिका के पिता परमेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी आठवीं कक्षा की छात्रा थी। 30 नवंबर को वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था। रात 10.25 बजे उसके बड़े भाई ने फोन पर सूचना दी कि रितिका ने जहर सेवन कर लिया है। नरहरपुर इलाज के लिए ले जा रहे हैं। नरहरपुर से उसे धमतरी मसीही अस्पताल लाया गया। रात 12.15 बजे डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। अर्जुनी थानांतर्गत सरसोंपुरी निवासी रविंद्र यादव 25 वर्ष पिता लालजी ने रविवार की रात घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ में फांसी लगा ली। सोमवार की सुबह परिजनों ने देखने के बाद सूचना पुलिस को दी। पंचनामा के बाद शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### सिर्री में शिव महापुराण कथा 3 से

**सिर्री।** ग्राम सिर्री के बाजार चौक में संगीतमय शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा 3 से 9 दिसंबर तक दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। कथावाचक सुश्री गंगा देवी होंगी। परायणकर्ता राजेंद्र महाराज रहेंगे। बुधवार को शुभारंभ दिवस पर कलशयात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन प्रातः रुद्राभिषेक पूजन किया जायेगा। शिव महापुराण की तैयारी जोरों पर है।

### बांधा में मड़ई मेला 3 दिसंबर को

**नगरी।** ग्राम बांधा में पारंपरिक मड़ई मेला इस वर्ष 3 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। मेला को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का है। मेला स्थल पर रात्रि 9 बजे से तुलसी के चौरा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह जानकारी रुमलाल नेताम ने दी।

चने की फसल को होगा नुकसान, धान की बची हुई फसल भी होगी प्रभावित

# खराब मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

खराब मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश होती है तो चने की बोनी कर चुके किसानों को काफी नुकसान होगा। वहीं कई इलाकों में धान की मिंजाई भी चल रही है। इन किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ेगी। मौसम को देखते हुए किसानों ने जल्द ही फसल को समेटना शुरू कर दिया है।



चक्रवाती तूफान विद्यवाह का असर जिले में दिखने लगा है। सोमवार को अंचल में दिनभर बादल छाए रहे। मौसम में आए इस परिवर्तन से किसानों की चिंता बढ़ गई है। अधिकांश किसानों ने धान की मिंजाई के बाद चने की बोनी कर ली है। ऐसे में यदि बारिश होती है तो चने की फसल को काफी नुकसान होगा। चने की फसल पानी के प्रति काफी संवेदनशील होती है। पानी गिरने से बीज और पौधों के सड़ने का डर बना रहेगा। वहीं उकठा और कीट प्रकोप का भी खतरा बढ़ गया है। यही नहीं जो किसान धान की कटाई मिंजाई नहीं कर पाए हैं। वे भी खराब मौसम को देखते हुए जल्द ही फसल को समेटने में लगे हुए हैं।

### बाहर में पड़ा है धान

इस बार धान खरीदी की रफ्तार काफी धीमी है। किसानों को टोकन नहीं मिल रहा है। ऐसे में किसान मिंजाई के बाद धान को घर या अन्य जगहों पर रखे हैं। कई किसानों के पास धान को सुरक्षित रखने के लिए जगह नहीं है। ऐसे में उनका धान खुले में रखा हुआ है। वे टोकन मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में खराब मौसम ने इन किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। वे धान को झिल्ली, तिरपाल आदि से ढंककर रखे हुए हैं।

### मौसम विभाग ने दी चेतावनी

रविवार को उत्तरी छत्तीसगढ़ में सर्दी ने असर दिखाया, वहीं राजधानी सहित अन्य शहरों के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रविवार को आसमान पर बादल भी छाए रहे। मौसम विभाग ने आने वाले 3 दिन तक बाछल छाए रहने की संभावना जताई है। इस दौरान प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में बूंदाबांदी हो सकती है। धमतरी सहित आसपास के जिलों के लिए कोई खास चेतावनी नहीं है।

### खेत अभी भी गीले

लेट वैरायटी के धान की फसल बोने वाले किसान भी परेशान हैं। इस साल बारिश काफी लंबे समय तक चली, जिसके चलते खेत अभी तक गीले हैं। अब वे चना, गेहूं सहित अन्य उन्हारी फसल बोने के लिए खेत के सूखने का इंतजार कर रहे हैं। बादल भरा मौसम और ठंड के चलते खेत की नमी सूख नहीं रही है। किसान खेतों की जुताई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने बताया कि यदि बोनी में और विलंब होता है तो वे उन्हारी फसल नहीं लगा पाएंगे।

# लंबित गिरदावरी से मुसीबत में खरखाभर्री के किसान

- भौतिक सत्यापन कर समस्या का समाधान करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

वन ग्राम खरखाभर्री के 17 किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पीड़ित किसानों ने आवेदन सौंपकर लंबित गिरदावरी का भौतिक सत्यापन पूर्ण कराने की मांग की है।



जिला सहकारी समिति गट्टासिल्ली अंतर्गत ग्राम खरखाभर्री के किसानों ने बताया कि गांव के 17 किसानों का गिरदावरी लंबित होने से किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने टोकन जारी नहीं किया जा रहा है। किसान सुखदेव, धनराज, कमितला, छागेंद्र, बोधनीबाई, सुखूराम, गैंदलाल, मेघनाथ, नथलू, रामलाल, सहसिंग, जग्गूराम, लक्ष्मण, धरमूराम, रोहिदास, रमलीबाई, कुवरसिंह का 30 हेक्टयर से अधिक रकबा का गिरदावरी लंबित है। किसानों ने लंबित गिरदावरी का भौतिक सत्यापन कर उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

# दो राइस मिल में मिला करोड़ों का अवैध धान

- लाखों का चावल भी जब्त, संचालकों के पास मिले आधे अधूरे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





जिले की दो राइस मिल में छापा मारकर अधिकारियों ने करोड़ों रुपए का अवैध धान जब्त किया है। राइस मिलरों के पास इस धान का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। इसके अतिरिक्त इन राइस मिलों से लाखों रुपए का चावल भी मिला है। राइस मिलों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

पूरे प्रदेश में धान खरीदी जोरों पर है। ऐसे में अवैध धान को समर्थन मूल्य पर खपाने का खतरा बना हुआ है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अवैध धान पर नजर रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर टीम का गठन किया है, जो लगातार अवैध रूप से धान की आवक, स्टाक और अफरा-तफरी पर नजर रखी हुई है। रविवार को जिला स्तर की एक टीम ने सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सोरम की फूलमिनी राइस मिल और औद्योगिक वार्ड की अशोक राइस मिल में छापामार कार्रवाई की। फूलमिनी राइस मिल से 6000 क्विंटल धान एवं 1910 क्विंटल चावल तथा अशोक राइस मिल से 16856 क्विंटल धान एवं 8150 क्विंटल चावल जप्त किया गया। धान की अनुमानित कीमत 5 करोड़ रुपए है। इस धान और चावल का राइस मिलरों के पास दस्तावेज नहीं था। कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर इन राइस मिलों के खिलाफ कार्रवाई की गई। संभवतः जिले में यह पहली बार है, जब दो राइस मिलों से इतनी बड़ी मात्रा में धान पकड़ा गया है। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार जितेंद्र डहरे, सहायक खाद्य अधिकारी भेलेन्द्र ध्रुव, खाद्य निरीक्षक निलेश चंद्राकर, मंडी उपनिरीक्षक कीर्तिमान भारती और डीएमओ सुनील सिंह राजपूत शामिल थे।

### सुबह से शाम तक चली जांच

धान की अफरा-तफरी रोकने के लिए अधिकारी छुट्टी के दिन भी काम कर रहे हैं। रविवार को सरकारी छुट्टी के दिन अचानक ही अधिकारियों ने इन दोनों राइस मिल में छापा मारा। जांच सुबह 10.30 बजे शुरू हुई यह जांच करीब 6 घंटे तक चली। शाम 5 बजे तक दोनों मिल से 22 हजार क्विंटल धान और 10 हजार 60 क्विंटल चावल जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि धान की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कई टीम बनाई गई है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा इन टीमों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से राइस मिलरों में हड़कंप मचा हुआ है।

### जिले की सीमाओं पर पुलिस जवान तैनात

धान की अफरा-तफरी को लेकर प्रशासन पूरी चौकसी बरत रहा है। इससे पहले भी छोटी छोटी कई कार्रवाई हो चुकी है। जांच के लिए उड़नदस्ता टीम गठित है। साथ ही जिले की सीमाओं पर चेक पोस्ट भी सक्रिय किए गए हैं। इन चेक पोस्ट में सात दिन चौबीस घंटे जवानों की तैनाती की गई है, जो आने-जाने वाले वाहनों पर नजर रख रहे हैं। खासकर ओडिशा बार्डर पर टीम को विशेष तौर पर सतर्क रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

### अनियमितता पर कठोर कार्रवाई

जिला प्रशासन किसानों की उपज की सुरक्षा और उन्हें उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अवैध खरीदी, धान परिवहन, कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**- अबिनाश मिश्रा**, *कलेक्टर धमतरी*

# रजिस्ट्री दर में बढ़ोतरी के खिलाफ जमीन कारोबारियों ने किया प्रदर्शन

- गांधी चौक में दिया धरना, सरकार को निर्णय वापस लेने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीन की रजिस्ट्री दर, सर्किल रेट और स्टाम्प शुल्क में की गई हालिया बढ़ोतरी के खिलाफ धमतरी में जमीन कारोबारी संघर्ष समिति का विरोध तेज हो गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में जमीन कारोबारी गांधी चौक पहुंचे और धरना देकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि रजिस्ट्री शुल्क में की गई बढ़ोतरी वापस नहीं ली गई तो 15 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रातः 11:30 से शाम 5 बजे तक आंदोलन जारी रहेगा।



कारोबारियों का कहना है कि बढ़ी हुई रजिस्ट्री दर से आम जनता, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग सहित जमीन कारोबार से जुड़े हजारों लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उनका आरोप है कि नई गाइडलाइन में दरों को अप्रत्याशित रूप से बढ़ा दिया गया है। उदाहरण देते हुए बताया कि जहां पहले एक लाख की जमीन पर रजिस्ट्री शुल्क 10 हजार लगता था, वहीं अब सीधे 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। कुछ क्षेत्र में 400 रुपए की गाइडलाइन को 3500 रुपए तक पहुंचा दिया गया है, जिससे जमीन खरीदना आम आदमी के लिए मुश्किल हो गया है।

जमीन कारोबारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष ऋतुराज पवार, वरिष्ठ सलाहकार सुनील लुनावत, संरक्षक प्रकाश चिमनानी, उपाध्यक्ष दिलीप सुंदरानी, नरेन्द्र साहू, सचिव राकेश राखेचा, महासचिव सत्तू मुंजवानी, मीडिया प्रभारी कुंदन सिंह, रोमी सावलानी, गुड्डा साहेब, कोषाध्यक्ष नरेश समनानी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य धरना स्थल पर उपस्थित थे। सभी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन का यह निर्णय जनविरोधी है तथा जनता को कर्ज की ओर धकेलने वाला है।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शासन ने बिना जनभागीदारी और क्षेत्रीय राय लिए तानाशाही तरीके से यह निर्णय लागू किया है। उनका कहना है कि किसी भी कानून में परिवर्तन स्थानीय हितधारकों से चर्चा के बाद होना चाहिए, जबकि नई गाइडलाइन ने उद्योग लगाने, घर खरीदने और जमीन के सामान्य लेन-देन को भी प्रभावित कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा हर वर्ष 10 प्रतिशत की नियमित वृद्धि की जाती थी, लेकिन मौजूदा सरकार ने अचानक भारी वृद्धि कर दी है, जो स्वीकार्य नहीं है।

कारोबारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शुल्क वृद्धि वापस नहीं ली गई तो न सिर्फ आंदोलन तेज होगा बल्कि रजिस्ट्री बंद रखने पर भी मजबूर होना पड़ेगा। संघर्ष समिति के सदस्यों ने मांग की है कि रजिस्ट्री शुल्क पूर्ववत किया जाए और वृद्धि को सालाना 10 प्रतिशत तक सीमित रखा जाए, तभी आम जनता और कारोबारियों को राहत मिल सकेगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

तीन दिन में दो मामले, चार आरोपी गिरफ्तार

# हेरोइन नशा का शहर में बढ़ रहा है प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर में महंगा नशा का कारोबार खूब फलफूल रहा है। तीन दिन के अंदर हेरोइन चिट्टा की अवैध बिक्री करते चार आरोपी पकड़े गए हैं।

कोतवाली पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसर मो. शाहिर खत्री पिता इकबाल खत्री 21 वर्ष वार्ड सुंदरगंज निवासी धमतरी तथा मंदीपसिंह पिता सुखदेवसिंह 32 वर्ष वार्ड सुंदरगंज निवासी डागा धर्मशाला के पास मादक पदार्थ अवैध रूप से बिक्री करते पकड़े गए हैं। दोनों के कब्जे से 48,000 रुपए की कुल 2.4 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसके साथ ही



मौके से सिल्वर फाइल, 30 रुपए, एक लाइटर तथा दो मोबाइल फोन 20 हजार रुपए कुल 68,030 रुपए का माल जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा सिटी कोतवाली में धारा 2/ए एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

ज्ञात हो कि तीन दिन पूर्व कोतवाली पुलिस ने आरोपी नरेंद्र उर्फ निखिल निर्मलकर एवं खिलेश उर्फ सोनू देवांगन के विरूद्ध कार्रवाई के दौरान मिले ठोस सुरागों के आधार पर इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है। नरेंद्र और खिलेश के पास से 1.5 ग्राम हेरोइन, दो मोबाइल, 5500 नगद, सिल्वर फाइल पेपर, रेपर, लाइटर तथा इलेक्ट्रानिक तौल मशीन जप्त की गई थी। जप्त सामग्री एवं नगद के साथ कुल 48,000 की संपत्ति पाई गई थी।

एसपी ने जिले में नशे के अवैध व्यापार पर प्रभावी रोकथाम के लिए सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को सतर्क रहते हुए निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में धमतरी पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

खबर संक्षेप



## राम मंदिर में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के राममंदिर में गीता जयंती पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान हिरेंद वैष्णव ने बताया कि गीता का महत्व भारतीय संस्कृति और धर्म के पावन पर्वों में गीता जयंती का विशेष स्थान है। हर साल मनाई जाने वाली यह जयंती, महाभारत के युद्धभूमि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया भगवद गीता का उपदेश स्मरण करती है। गीता जयंती का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में धर्म, कर्म और अध्यात्म के मार्ग को उजागर करना है। इस वर्ष, 2025 में गीता जयंती 1 दिसंबर को मनाई गई। देशभर के मंदिरों, आश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष आयोजन हुए। इस अवसर पर हीरेन्द वैष्णव, फुलेश्वरी चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, कामता चंद्राकर, लीना चंद्राकर, उमा चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

बिना अनुमति शासकीय जगहों पर बन रहे मकान, पंचायत पर निष्क्रियता के आरोप

# अतिक्रमण बेलगाम : कोर्रा पंचायत में हो रहे अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत कोर्रा में शासकीय घास जमीन में अतिक्रमण के साथ ही कारोबारियों को व्यापार विस्तार के लिए मिले अवसर का नाजायज फायदा उठाकर शासकीय काम्प्लेक्स के ऊपर ही बिना अनुमति के अवैध निर्माण किये जाने का मामला सामने आया है। इनके खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं होने पर पंचायत प्रतिनिधियों पर निष्क्रिय होने का आरोप लग रहे हैं।

कोर्रा के ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दुकानदार पंचायत की अनुमति के बिना अपनी दुकानों के ऊपर अतिरिक्त मंजिल बनाकर गोदाम एवं दुकान का अवैध निर्माण कर रहे हैं। वहीं गांव में तीन-चार लोग शासकीय घास जमीन पर लगे बाउन्ड्रीवाल घेरा को तोड़कर घर बनाने का काम कर रहे हैं। इन गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने की जिम्मेदारी पंचायत की होती है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत कोर्रा की सरपंच द्वारा किसी भी प्रकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसकी निष्क्रियता के कारण अवैध निर्माण लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे पंचायत की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।



### अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया है

शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में मेरे से पहले के कार्यकाल में भी इस तरह के निर्माण कार्य हो चुके हैं। निर्माण करने वाले लोग जनपद से परमिशन लेने की बात कर रहे हैं वहीं गांव में अन्य शासकीय जगहों पर कब्जा कर रहे अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जा चुका है। कब्जा नहीं हटाने पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

- **यमुना कामड़े**, *सरपंच ग्राम पंयायत कोर्रा*

### खेल मैदान भी चढ़ रहा अतिक्रमण की भेंट

सिर्फ व्यावसायिक परिसर ही नहीं, बल्कि गांव के अन्य हिस्सों में भी अतिक्रमण की समस्या गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पंचायत भवन से लगे स्कूल खेल मैदान तक को लोगों ने नहीं छोड़ा है और वहां भी कब्जा करने की कोशिश हो रही है। पंचायत की नाक के नीचे इस तरह का अतिक्रमण ग्रामीणों के लिए चिंताजनक विषय बन गया है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाने तथा संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि गांव की मूलभूत संरचनाएं सुरक्षित रह सकें और नियमानुसार विकास कार्य आगे बढ़ सके।

# जनजाति समाज के इतिहास को भुला दिया गया : विकास मरकाम

- सुखराम नागे महाविद्यालय में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर व्याख्यान माला एवं विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छग स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड (राज्यमंत्री) अध्यक्ष विकास मरकाम थे। अध्यक्षता अजय ध्रुव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय ने की। अति विशिष्ट अतिथि प्रकाश बैस जिलाध्यक्ष भाजपा धमतरी, अरुण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक सिहावा व विशिष्ट अतिथि जपं अध्यक्ष महेश गोटा, अध्यक्ष नपं नगरी बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष जपं नगरी ह्दयलाल साहू, उपाध्यक्ष नपं नगरी विकास बोहरा, पूर्व अध्यक्ष नपं नगरी नागेन्द्र शुक्ला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा बेलरगांव अकबर कश्यप, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा धमतरी कमल डागा, प्रभारी मण्डल भाजपा नगरी रविकांत दुबे, पूर्व अध्यक्ष नपं दिनेश्वरी नेताम, पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ओमलता नागवंशी, जनभागीदारी समिति सदस्य राजेन्द्रनाथ गोसाई, जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा भाजपा महेन्द्र नेताम थे।

प्राचार्य डा. मनदीप खालसा ने कहा कि पूरे देश में जनजातीय गौरव को जश्न के रूप में मनाने के लिए केंद्र सरकार ने निर्णय लिया। इसका मुख्य उद्देश्य जनजाति इतिहास संस्कृति और विरासत को जीवित रखना है। उनके योगदान को पहचान दिलानी है। भारत सरकार जनजाति विरासत को सहजने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए कई संग्रहालय का निर्माण कर रही है जिनमें से कुछ जनजाति समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर भी है।

मुख्य अतिथि श्री मरकाम ने कहा कि तिलक मांझी, बिरसा मुंडा, छग के गैंदसिंह, गुंडाधुर, शहीद वीरनारायण सिंह, नागालैंड की रानी, गेंडल्यू ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष की जो मशाल जलाई वह आज भी हमें प्रेरित करती है किंतु इतिहास में उनके योगदानों को दबाया गया इसलिए केंद्र सरकार द्वारा उनके योगदानों को सामने लाने के लिए बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने घोषित किया। इस दौरान प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों एवं प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को मुख्य अतिथि ने स्मृति भेंट एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रध्यापक डा. रमेश देवांगन एवं डा. अश्वनी ध्रुव ने किया। आयोजन में प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लोकेश्वरी राठिया का विशेष योगदान रहा।

# जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं ने किया न्योता भोज



- शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने निगरानी समिति का गठन भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सामूहिक गतिविधियों के तहत एकीकृत होकर कार्य करने की भावनाओं को जागरुक करते हुए प्राचार्या सुरेन्दर कौर ओबेरॉय एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को न्योता भोजन कराया गया। शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु पालकों को न्योता भोजन की कड़ी में जोड़ा गया एवं निगरानी समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात गांव के प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के सभी बच्चों की निगरानी समिति का गठन करते हुए बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

न्योता भोजन में जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जसपाल सिंह खनूजा, शाला प्रबंधन समिति के संत राज, पंचायत प्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित थे।

# अब किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा

- बठेना नहर में इनलेट रेगुलेटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन महापौर ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को मजबूत एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डिपाजिट मद अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की कड़ी में वितरक शाखा क्रमांक 01 के आरडी 2350 मीटर के बाएं तट पर इनलेट रेगुलेटर निर्माण कार्य बठेना नहर का भूमिपूजन हुआ। लगभग 30.96 लाख की लागत से निर्मित होने वाले इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य से किसानों को जल आपूर्ति एवं सिंचाई के क्षेत्र में स्थायी लाभ प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी, श्यामलाल नेताम, एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, पार्षद मेघराज ठाकुर, अज्जू देशलहरे, आशा लोधी, चन्द्रभागा साहू, अनीता अग्रवाल समेत अधिकारी-कर्मचारी व वार्डवासी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने कहा कि इनलेट रेगुलेटर के निर्माण से सिंचाई जल वितरण और अधिक सुव्यवस्थित होगा, जिससे किसानों को समय पर पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। यह कार्य कृषि उत्पादन बढ़ाने, जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# भारत माता विद्यालय में लगा आनंद मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम बकली के भारत माता विद्यालय में 29 नवंबर को बाल मेला का आयोजन किया गया था। बच्चों ने उत्साह के साथ व्यंजनों के अनेक स्टाल लगाए थे। कार्यक्रम में अनेक पालक शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य केके पटेल सहित स्कूल स्टाफ लता पटेल, खिलेश्वरी, हेमलता, टीआर कौशिक एवं पालक समिति के पदाधिकारी और ग्रामीणों ने आनंद मेला का लुत्फ उठाया।

# निर्राबेड़ा परिसर में किया काम, मजदूरी के लिए महीनों से भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

वन परिक्षेत्र सांकरा के निर्राबेड़ा क्षेत्र में 132 केवी लाइन के नीचे किए जा रहे सफाई, खुदाई, पौधारोपण एवं टी-गार्ड निर्माण कार्य का भुगतान न मिलने से मजदूर भारी संकट में हैं। संबंधित कार्य 22 मई 2025 से प्रारंभ हुआ था, जिसमें सैकड़ों मजदूरों ने मेहनत की। वर्तमान में सफाई कार्य जारी है, लेकिन अब तक पांच माह बीत जाने के बाद भी मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिली है।



मजदूरों ने बताया कि भुगतान में देरी के कारण उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। परिवार का भरण-पोषण करना कठिन होता जा रहा है और रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही हैं। मजदूरों ने बताया कि वे कई दिनों से वन विभाग कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें स्पष्ट जवाब नहीं मिला।

मजदूर महेंद्र नेताम, कंवलसिंह ध्रुव, मनिहार, कन्हैया, अमृत, यदुराज, जयकुमार, पार्वती यादव सहित नयापारा, फरसिया, बोड़रा, भैंसासांकरा के सैकड़ों श्रमिकों ने शासन-प्रशासन एवं संबंधित विभाग से जल्द भुगतान कराने की मांग की है।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मजदूरी का भुगतान एक माह के भीतर कर दिया जाएगा।

बिजनेस साइट

# बवासीर, फिशर व फिस्टुला मरीजों के लिए राहत

- 2 व 3 को रायपुर-धमतरी में आधुनिक लेजर उपचार शिविर, 50 प्रतिशत छूट के साथ परामर्श उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बवासीर, फिशर और फिस्टुला मरीजों के लिए खुशखबरी है। रायपुर के सुपरस्पेशलिस्ट प्रो. डॉ. एके चौरसिया द्वारा आधुनिक लेजर तकनीक से उपचार किया जायेगा। निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर 2 दिसम्बर को गायत्री मंदिर कुरूद तथा 3 दिसम्बर को शिविर सूरज मेडिकल धमतरी में सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बिना काट-छांट, बिना दर्द और बिना भर्ती के लेज़र उपचार उपलब्ध रहेगा। उपचार पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

डॉ. चौरसिया ने बताया कि बवासीर के सामान्य लक्षण गुदा मार्ग में दर्द व खून आना, सूजन, जलन, मवाद या खुजली, कब्ज, गैस, पेट साफ न होना और पेट में भारीपन महसूस होना है। इस तरह के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल विशेषज्ञ से जांच कराएं। शिविर में फैटी लिवर, आईबीएस, ग्रेड, अमीबियासिस जैसे पेट रोगों की भी विशेषज्ञ सलाह मिलेगी। शिविर में आने वाले मरीजों को जर्मन दवाइयों पर 20 प्रतिशत तथा डॉ. लाल पैथलैब में जांच पर 60 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध रहेगी। स्थायी क्लिनिक मिरेकल्स पाइल्स एवं डेंटल क्लिनिक दुकान नं. 19, हाउसिंग बोर्ड कामर्शियल कॉम्प्लेक्स चौपाटी के पास शंकरनगर रायपुर है।

# सिलीडीह स्कूल में नवपदस्थ प्राचार्य का आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

शासकीय हाईस्कूल सिलीडीह में नवपदस्थ प्राचार्या श्रीमती ज्योत्सना राजपूत का शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम प्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रुचि देवांगन, आरबी साहू, शोभाराम यादव, योगेश्वर सेन, श्रीमती अमृता देवांगन, व्याख्याता आरएस दीवान, श्री ध्रुव, एनएल यादव, बीएस ध्रुव, श्रीमती पीएल साहू उपस्थित थे।

# कॉलेज छात्रों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

- प्राचार्य ने एड्स के कारण, बचाव और इससे जुड़े मिथक के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता दिवस पर जागरूकता रैली एवं व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। महाविद्यालय परिसर से निकाली गई एड्स जागरूकता रैली से हुई। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक नारों और संदेशों के माध्यम से समाज में एड्स से बचाव और जागरूकता का संदेश दिया। जागरूकता व्याख्यान में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने एड्स को एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बताया तथा इसके कारण, बचाव, सुरक्षित व्यवहार और इससे जुड़े मिथकों के बारे में जानकारी दी। रेड रिबन क्लब प्रभारी श्रीमती दिव्या देवांगन ने एड्स से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों, एसआईवी संक्रमण के सही और गलत तरीकों, आर्ट उपचार, जाँच प्रक्रिया तथा सुरक्षित जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर जानकारी दी।

एनएसएस प्रभारी डॉ. रमा चंद्राकर ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए एड्स मुक्त समाज के निर्माण में सूचना, शिक्षा और जागरूकता को सबसे प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने एड्स संक्रमण की वास्तविक प्रक्रिया, उसके चरणों और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में छात्रों को विस्तारपूर्वक बताया।

मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, कौसलेश कुमार ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, सुश्री निरूपा साहू, दीपक कश्यप, दुर्गा नीरज कुमार, डॉ सुशीला साहू, श्रीमती अनीता साहू, डॉ विनोद कुमार, सुषमा टंडन, वर्षा यादव, दानेश्वर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


# विश्व एड्स दिवस पर जिला अस्पताल में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक के निर्देशानुसार और सिविल सर्जन डॉ एके टोंडर तथा नोडल अधिकारी डॉ आदित्य सिन्हा के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ कौशिक द्वारा एचआईवी एड्स से प्रभावित लोगों से भेदभाव दूर करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई और जागरूकता संदेश दिया गया। इसके बाद जीएनएम ट्रेनिंग सेंटर, फ्लोरेंस, रिलायंस नर्सिंग कालेज के लगभग 60 छात्राओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए अस्पताल प्रांगण में सम्पन्न हुई। आईसीटीसी काउंसलर समीर मसीह ने बताया कि इस पखवाड़ा में लगातार स्कूलों एवं कालेजों में सघन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा। कार्यक्रम में डा. प्रिया कंवर, गुरूशरण साहू सहित सहभागी समाजसेवी संस्था उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### सोनिया व राहुल पर रिपोर्ट दर्ज विरोध में कांग्रेस ने पुतला फूंका

**कांकेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर ईडी के द्वारा किए गए एफआईआर के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा 1 दिसंबर को दोपहर 3 बजे पुराना बस स्टैंड में ईडी एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन मे मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, विजय यादव, मनोज जैन, अजय रेणु, उदय बंटी शर्मा, सरजू शोरी, शिवांकित श्रीवास्तव, यासीन कराणी, कमल नागवंशी, खोमेन्द्र उइके, सत्यार्थ करायत, सुमित राय, चंद्रलोक ठाकुर, सोमेश सोनी, जीशान अली, टुकेश्वर साहू, पंचराम सलाम, नरसिंह तेता, बबलू देवांगन, तारश सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, विनय ठाकुर एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### युवक ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चिनौरी निवासी 24 वर्षीय कोमल साहू ने जहर खा लिया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए परिजन उसे रायपुर के अस्पताल में लेकर गए। अस्पताल में इलाज के दौरान 6 अगस्त को मौत हो गया। मृतिका ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार नाग का इलाज के दौरान 30 नवंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ऋण के लिए 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण सहायता प्रदाय करने के लिए 15 दिसम्बर तक आवेदन करने का मौका दिया है। अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 48 युवक-युवतियों को ऋण सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। आवेदक को संबंधित जाति वर्ग का होना चाहिए और जिले का मूल निवासी होना चाहिए। उसकी पारिवारिक वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 01 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

### पीएम सूर्य घर के लिए आज से नगरीय क्षेत्रों में शिविर

**कांकेर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनांतर्गत घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए आम लोगों को जागरूक करने जिले के सभी नगरपालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 02 दिसम्बर मंगलवार को न्यु कम्युनिटी हॉल सामुदायिक भवन कांकेर में, 03 दिसम्बर बुधवार को सामुदायिक भवन नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में, 04 दिसम्बर गुरूवार को नगर पंचायत भवन अंतागढ़ और चारामा में तथा 05 दिसम्बर शुक्रवार को नगर पंचायत भवन पखांजूर एवं नरहरपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगें। उक्त शिविर में कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं पंजीकृत वेंडर उपस्थित रहेंगे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक है मौका

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसा घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। योजनांतर्गत 05 बालक-बालिकाओं को 25 हजार रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

---

भैंसबोड़ में कवि सम्मेलन के साथ हुआ सम्मान समारोह

# सरस कविताओं ने देर रात तक श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

भैंसबोड़ में देर रात्रि तक चले कवि सम्मेलन में संगवारी साहित्य समिति सिर्री और त्रिवेणी संगम साहित्य राजिम से पहुंचे कवियों ने अपनी कविताओं से महफ़िल को सराबोर किया। इस अवसर पर संगवारी साहित्य समिति के संस्थापक सौहेंद्रसिंग गुरुदत्ता, मानस मर्मज्ञ रामेश्वर सिन्हा, वरिष्ठ साहित्यकार मोहनलाल घिवरिया सिर्री, गंगाप्रसाद परेटहा भैंसबोड़ को संगवारी साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू थीं। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती गंगा ने की। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक लोकगायिका सेलिना दावना, कामताप्रसाद साहू तहसील अध्यक्ष साहू समाज थे।



शीत ऋतु की ठंड के बीच कवियों ने गर्मजोशी के साथ अलग-अलग विधाओं की कविता के साथ देर रात्रि तक समां बांधे रखा। मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू ने साहित्य और कविता को समाज में जागरूकता और क्रांति लाने वाला तत्व बताया। कवि मकसूदनराम साहू बरीवाला नवापारा, नूतन साहू पांडुका, किशोर निर्मलकर राजिम, नरेंद्र पार्थ खंडवा, गंगाप्रसाद परेटहा, बृजलाल दावना, मोहनलाल घिवरिया, आरपी सिन्हा, सौहेन्द्रसिंग गुरुदत्ता सिर्री, मोहन कंसारीनारी, राजू छत्तीसगढ़िया, चोपेश्वर बालकवि हर्षित गातापार, लुकेश साहू मरौद, जागेंद्र सिन्हा कन्हारपुरी, घनाराम साहू जोरातराई, नरेश साहू, बाल लोकगायिका सेलिना दावना भैंसबोड़, बाल लोकगायिका पंडवानी आराध्या साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। सम्मेलन का संचालन रामेश्वर साहू बकली ने किया।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार साहू पंचायत सचिव, रुद्रकुमार साहू शिव शक्ति मंदिर समिति अध्यक्ष, शिवकुमार साहू ग्रामीण साहू समाज सचिव भैंसबोड़, दुलरवा साहू सलाहकार भैंसबोड़, रामस्वरूप यादव, बिसहत तारक, दीनू साहू, लोकेश साहू, हेमनाथ दावना, सोमराज दावना, जितेन्द्र दावना, पवन तारक, संतराम सेन, भूवनलाल साहू, फूलसिंग धीवर, योगेन्द्र साहू, यशोदा धीवर, संगीता साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक छन्नूलाल साहू व रोमलाल साहू, होमेन्द्र साहू, कामता प्रसाद साहू, अशोक टंडन, डोमार सिंग साहू, तोरण साहू का सहयोग रहा।

---

## संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राजनीति विज्ञान विभाग, रासेयो एवं स्वीप के तत्वावधान में संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव की तस्वीर पर पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया एवं संविधान की शपथ दिलाई गई। स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के आदर्श को जीवन में लागू करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. आरआर मेहरा ने विद्यार्थियों को समझाया कि संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। डॉ. ममता सौरज अतिथि व्याख्याता ने कहा कि सामाजिक सद्भावना और राष्ट्रहित को सदा अपना जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर डॉ. रमेश देवांगन, डॉ.अश्वनी ध्रुव, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, डा. कविता, प्रो.मोहित कुर्रे, डॉ.ममता सौरज, डा. अंबा शुक्ला, डा. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ.वेणु साहू, उर्वशी साहू, डिलेश्वरी पटेल, नेहा राजन, सीता नेताम, सौरभ पाण्डेय, प्रमोद चौरे, सागर मंडावी, अब्बास मेमन, लाकेश समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# दो दिन की तलाश के बाद मिला डूबे युवक का शव



- नरहरा वाटरफॉल की सैर करने अपने दोस्तों के साथ आया था तोरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नरहरा जलप्रपात में डूबे युवक तोरण नायक का शव दो दिन की तलाश के बाद मिला। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर के कोटा निवासी युवक तोरण नायक रविवार को अपने दोस्तों के साथ जिले के नरहरा जलप्रपात घूमने आया था। नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में गिर गया जिसे उनके दोस्तों ने ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम और गोताखोरों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। देर शाम तक युवक का पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। युवक का शव वाटरफॉल से निकाला गया। बरामद शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा गया।

मगरलोड थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि रायपुर घूमने आया तोरण अपने दोस्तों के साथ वाटरफॉल में नहा रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। घटना रविवार 1 बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची। रविवार को सर्च ऑपरेशन में युवक का कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन किया गया। सुबह करीब 10 बजे युवक की लाश मिली। पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को शव सौंप दिया गया।


---

# फॉस्टेक प्रशिक्षण में 166 रसोइए हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से धमतरी जिले के लगभग 1132 स्कूलों में कार्यरत मध्यान्ह भोजन रसोइयों के लिए फॉस्टेक प्रशिक्षण 1 से 10 दिसंबर तक ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रदान करने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली से अधिकृत प्रशिक्षक धमतरी पहुंचे हैं।

प्रशिक्षण में रसोइयों को मध्यान्ह भोजन के निर्माण एवं



परोसने के दौरान अपनाई जाने वाली खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता प्रक्रियाओं तथा खाद्य विषाक्तता (फूड प्वाइजनिंग) से बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही भोजन पकाते समय पोषक तत्वों को सुरक्षित रखने की तकनीकें ऑडियो-वीडियो माध्यम से प्रदर्शित की गईं।

1 दिसंबर को बीआरसीसी भवन कुरूद में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में 166 रसोइयों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद चन्द्रकुमार साहू, अभिहित अधिकारी सर्वेश कुमार यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा, नमूना सहायक गिरिजाशंकर वर्मा उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी रसोइयों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे मध्यान्ह भोजन वितरण की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ होगी।

---

मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन 15 को होगा मतदान

# चुनाव के रंग में डूबा अधिवक्ता संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला अधिवक्ता संघ की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव अधिकारी की टीम ने सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। मतदाता सूची अधिवक्ता कक्ष क्रमांक 3 में चस्पा की गई है। मतदान की तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस दिन सुबह 10 बजे दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 4 बजे से मतगणना शुरू होगी।

जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए पदाधिकारियों का चयन करने के लिए चुनाव की



प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सोमवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, सचिव, क्रीड़ा व सांस्कृतिक सचिव, कोषाध्यक्ष, सहसचिव व 8 कार्यकार्यकारिणी सदस्य के लिये नामांकन भरने व जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। मतदाता सूची भी जारी कर दी गई है, जिसमें कुल 354 मतदाता वोटिंग करने के लिए पात्र घोषित किए गए हैं। नामांकन दाखिल करने के पहले दिन दानीराम साहू, नीरजधर तिवारी, भुनेश्वर सिन्हा, कीर्ति शाह ने अध्यक्ष पद के लिए, सचिन जाचक ने उपाध्यक्ष पद के लिए, भीखमलाल सिन्हा ने सचिव पद के लिए, संजय शुक्ला ने कोषाध्यक्ष पद के लिए, परमानंद अग्रवाल ने क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए नामांकन पत्र खरीदा है। कार्यकारिणी सदस्य हेतु कोमल थवाईत, महिला उपाध्यक्ष हेतु सुश्री जानकी तिवारी ने फार्म खरीदा है। सचिव पद के लिए भीखमलाल सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय शुक्ला व महिला उपाध्यक्ष के लिए जानकी तिवारी ने नामांकन फार्म जमा भी कर दिया है।

चुनाव अधिकारी अजीत साहू, अशोक कुमार बुधवानी, मोहित देवांगन, अजय सोनवानी, गोपी कुर्रे ने बताया कि नामांकन फार्म लेने व जमा करने के लिए 3 दिसंबर तक का समय दिया गया है। स्क्रूटनी 4 दिसंबर को होगी। नाम वापसी 5 दिसंबर को होगी। अधिकृत प्रत्याशियों की सूची 6 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद प्रचार के लिए घमासान मचेगा। चुनाव प्रचार 14 दिसंबर तक होगा।

---

# रंगोली में गौरा, पोस्टर में रिया रही अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोदकुमार पाठक के निर्देशन व रेड रिबन क्लब प्रभारी निरंजन कुमार के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। निरंजन कुमार ने बताया विश्व एड्स दिवस एचआईवी से पीड़ित लोगों के वास्तविक अनुभवों पर प्रकाश डालने के लिए है। यह एक ऐसा क्षण है जो ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए आवश्यक नेतृत्व को प्रेरित करता है जहां एचआईवी किसी के जीवन के आड़े न आए। इस दौरान महाविद्यालय में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, रील्स मेकिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। रंगोली में प्रथम गौरा पाण्डे , द्वितीय रिया जैन एवं तृतीय खुशी साहू रही।

पोस्टर मेकिंग में प्रथम रिया जैन, द्वितीय हिना तारक एवं तृतीय प्रेमा रही। रील्स मेकिंग में प्रथम सिद्धांत दुबे, द्वितीय रिया जैन,वाद-विवाद के पक्ष में प्रथम सिद्धांत दुबे, द्वितीय महिमा मसीह एवं विपक्ष में प्रथम शाहिला परवीन, द्वितीय सरोजनी नेताम रहे। निर्णायक आकांक्षा मरकाम सहायक प्राध्यापक, कुशल चोपड़ा सहायक प्राध्यापक, श्रीमती निशा तिवारी सहायक प्राध्यापक एवं सुश्री दीपाली साहू सहायक प्राध्यापक रहे। कार्यक्रम में प्रियंका, संदीप, तिलेश, एस. कुमार, संकेत, सौरभ समेत एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

---

# शिवसिंह वर्मा स्कूल ने जीता कमल कप

- फाइनल में विद्याकुंज लोहरसी स्कूल को एक विकेट से हराया, मयंक बने 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

स्व. बाबू पंढरीराव कृदत इंडोर स्टेडियम आमातालब रोड में आयोजित कमल कप इंटर स्कूल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह के चरम पर संपन्न हुआ। दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस हाईवोल्टेज मैच में शिवसिंह वर्मा स्कूल ने विद्याकुंज लोहरसी स्कूल को 1 विकेट से हराकर चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल मुकाबले का टॉस महापौर रामू रोहरा के करकमलों से संपन्न हुआ। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का निर्माण करता है। विशिष्ट अतिथि सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, युगल किशोर यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता



व खेलप्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्याकुंज लोहरसी स्कूल ने 12 ओवर में 126/8 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में शिवसिंह वर्मा स्कूल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्षपूर्ण शुरुआत की, लेकिन मध्य क्रम की धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी से मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंचा। अंतिम दो गेंदों पर 6 रन की दरकार थी, तब सुमित देवांगन ने दबाव में शानदार छक्का लगाकर टीम को 127/9 (11.5 ओवर) पर विजयी बना दिया। विजेता टीम को 5100 रुपये व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 3100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच सुमित देवांगन (43 रन और विजयी छक्का) रहे, जबकि मैन ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बॉलर का सम्मान मयंक नायक को मिला। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार रोहित बक्शानी विद्याकुंज को दिया गया।

---

# धान खरीदी आशा और भविष्य की नई किरण

- 60 क्विंटल धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंची निर्मला के चेहरे पर था सुकून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम अछोटा की किसान निर्मला देवांगन के लिए इस बार की धान खरीदी सिर्फ आमदनी का जरिया नहीं, बल्कि आशा और भविष्य की नई किरण बनकर आई है। सुबह-सुबह वे करीब 60 क्विंटल धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचीं। चेहरे पर सुकून था, क्योंकि धान बिक्री से मिलने वाली राशि से न सिर्फ घर का खर्च चलता है, बल्कि उनकी बेटी की पढ़ाई का पूरा सपना भी उसी पर टिका है। उनकी बेटी इंजीनियरिंग कर चुकी है और अब यूपीएससी की तैयारी कर रही है।

निर्मला बताती हैं कि इस साल केंद्रों में व्यवस्था पहले से काफी बेहतर है। तौल व्यवस्था सटीक, भीड़ नहीं, लाइन नहीं और काम भी तेज़ी से हो रहा है। स्टाफ सहयोगी है और केंद्रों में परछाई, पीने का पानी, सुरक्षा और स्वच्छता की व्यवस्था सुव्यवस्थित है। इससे किसानों को



सम्मान और राहत, दोनों मिल रहे हैं।

सबसे बड़ी सहजता टोकन तुंहर दुवार ऐप से मिली है। अब किसान घर बैठे टोकन प्राप्त कर सकते हैं और निश्चित समय पर धान बेचने पहुंचते हैं। इससे समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है, खासकर महिला किसानों के लिए यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित हो रही है।

निर्मला जैसी हजारों किसान महिलाएं इस सुगम व्यवस्था से लाभान्वित हो रही हैं। उनकी मेहनत सुरक्षित दाम पर बिक रही है, जिससे परिवार के शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के सपने मजबूत हो रहे हैं। धान खरीदी अब सिर्फ सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को नई दिशा देने वाली व्यवस्था बन चुकी है।

---

प्रतिभागियों ने शहर की दीवारों को चित्रकला, पोस्टर, स्केच और पेंटिंग से सजाया

# कलात्मक अभिव्यक्ति से निखर रही शहर की दीवारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी शहर इन दिनों कला, स्वच्छता और सांस्कृतिक ऊर्जा से चमकता हुआ नई पहचान गढ़ रहा है। जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा प्रारंभ किए गए अभिनव कार्यक्रम 'चमकारी– अपनी कला का करे प्रदर्शन और अपने शहर को सुंदर बनाए' ने शहर की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। इस पहल ने युवाओं, कलाकारों और विद्यार्थियों में रचनात्मकता की लहर ला दी है, जिसका असर शहर की गलियों और मुख्य मार्गों पर साफ दिखाई दे रहा है।

दीवार चित्रकला, पोस्टर, स्केच और पेंटिंग के माध्यम से प्रतिभागियों




ने शहर को नए रंगों से सजाया है। सरकारी भवनों, विद्यालयों, पार्कों और चौक-चौराहों की दीवारें अब छत्तीसगढ़ की लोककला, देव-परंपरा, जनजातीय विरासत और प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाती कलाकृतियों से सजी हुई हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी विकसित हुई है।

इस अभियान की सफलता में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी प्रेरणा से युवा बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और




प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। जिला प्रशासन गंगरेल डेम, झरनों, जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों को ईको-टूरिज्म व साहसिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित कर रहा है, जिससे रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिला है।

---

# ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने किया शत्रुहन का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्यधाम सिविल लाइंस में शत्रुहन साहू सदस्य राज्य विधिज्ञ परिषद छग का सम्मान किया गया। बीके सरिता ने श्री साहू के संघर्ष से शिखर तक पहुंचने को विधाता के घर में विधि का सम्मान बताया।

आगे कहा कि न्यायालय में एक अधिवक्ता न्यायाधीश के समक्ष समस्या का संतुलित ढंग से समाधान करता है। दलील, सबूत और तर्कयुक्त शैली से अपने मुवक्किल को न्याय दिलाता है। शत्रुघ्न साहू ने कहा कि यह उनकी नहीं अपितु अधिवक्ता संघ के सदस्यों की जीत है। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक तथा आभार प्रदर्शन अधिवक्ता यशवंत साहू ने किया।

## खबर संक्षेप

### संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा संपन्न

**भानुप्रतापपुर।** दुर्गुकोंदल ब्लाक के ग्राम पंचायत कराकी के आश्रित ग्राम भुरके में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में संकुल केंद्र गोडपाल व ओटेकसा से 12 प्राशा, 3 माशा व 2 हाई स्कूल के कुल 635 बच्चों ने भाग लिया था। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि काफी हर्ष का विषय है कि क्षेत्र में खेल का आयोजन किया गया, जिससे ग्रामीण और बच्चे काफी खुश है। यह गांव जिले के अंतिम छोर में बसा हुआ है। मै चाहूंगी कि इस गांव का अधिक से अधिक विकास हो, गांव से कुछ मांग पत्र भी आए है।

### प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष को हटाने पर कृषक भड़के

**पखांजुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष को बिना कोई कारण बताए अचानक पद से हटाए जाने को लेकर क्षेत्र में भारी नाराजगी का माहौल है। समय से ठीक पहले समिति के अध्यक्ष को अचानक बिना किसी कारण या जांच के इतने बड़े फैसले से पद से हटा दिया गया है।

### कलेक्टोरेट परिसर एवं आसपास धारा 163 लागू

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 02 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर की आसपास के 200 मीटर के दूरी को धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

जिले में 20 गौधाम निर्माण का निर्णय, नगरी विकासखंड में हुई समीक्षा बैठक

# घुमंतू गौवंश की सुरक्षा के लिए बनेगा गौधाम

■ गौवंश के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा, आवास और सुरक्षा उपलब्ध रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी/नगरी



सड़कों पर बढ़ते घुमंतू एवं निराश्रित गौवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और जनहानि को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में गौधाम निर्माण की व्यापक योजना पर तेजी से कार्य प्रारंभ किया गया है। सड़क सुरक्षा तथा सार्वजनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार ने सभी जिलों में व्यवस्थित गौधाम स्थापित करने की पहल की है।

इस योजना के तहत धमतरी जिले में कुल 20 गौधामों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उपयुक्त भूमि का चयन किया जा चुका है। प्रस्तावित गौधामों में निराश्रित गौवंश के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा, आवास और सुरक्षा जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे पशुओं को स्थायी एवं सुरक्षित आश्रय मिल सके।

### तीन गांवों में प्रारंभ होगा निर्माण कार्य

जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने बताया कि नगरी क्षेत्र में गौधाम निर्माण के लिए तीन गांव सांकरा, दुगली और छिपलीपारा को चिन्हित किया गया है, जहाँ शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### स्वयंसेवी संस्थाओं से सहयोग की अपील

गौधामों के सुचारू संचालन हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक संस्थाएं कलेक्टर कार्यालय या पशुपालन विभाग में आवेदन जमा कर सकती हैं। चयनित संस्थाओं को प्रबंधन और संचालन की जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी।

### गौ उत्पाद आधारित प्रशिक्षण से मिलेगा रोजगार

श्री सोनी ने बताया कि गौधामों में आगामी समय में गौ-मूत्र और गोबर आधारित जैविक उत्पाद, वर्मी कम्पोस्ट, दीया, गमला, खाद निर्माण तथा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे महिलाओं और युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे।

### किसानों से पैरादान करने की अपील

बैठक में किसानों से अपील की गई कि वे खेतों में पैरा जलाने की प्रथा बंद करें और इसे गौधामों में दान करें, जिससे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके और पर्यावरण संरक्षण में भी सहयोग मिले।

### सड़क पर नहीं दिखेंगी बेसहारा गायें

समिति ने संकल्प लिया कि गौधाम निर्माण पूर्ण होने के बाद जिले में घूम रही निराश्रित गायों को सुरक्षित गौधामों में रखा जाएगा। इससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा शहर और कस्बों की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होगा।

#### कार्ययोजना पर हुई चर्चा

गौधाम निर्माण की कार्यप्रणाली और आगामी कार्ययोजना को अंतिम स्वरूप देने नगरी विकासखंड में 28 नवंबर को बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, पशुपालन विभाग तथा विभिन्न सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने की।

### गौसेवा हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा

जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने कहा कि गौसेवा छत्तीसगढ़ की परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। सरकार का यह निर्णय जनहित में है और प्रदेश की सांस्कृतिक भावनाओं को भी मजबूत करेगा।

# पीएम आवास योजना में अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ कलेक्टर को सौंपा शिकायत पत्र

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में अनियमितता किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए ग्राम कुकरेल विकासखंड नगरी के समाजसेवी नरेंद्र सिंह राजपूत ने कलेक्टर को लिखित शिकायत प्रस्तुत की है। शिकायत में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत कुकरेल में जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों को योजना से वंचित कर बाहरी लोगों को लाभ दिया गया है।

आवेदनकर्ता ने कहा कि पंचायत पदाधिकारियों द्वारा पात्र लाभार्थियों के नाम को सूची से हटाकर बाहरी व्यक्तियों के नाम जोड़कर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया, जो नियमों के विरुद्ध है। इसमें एक भंवरमरा के व्यक्ति का नाम भी शामिल है। आवेदन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि ऐसे कृत्य पंचायत पदाधिकारियों द्वारा पद का दुरुपयोग कर किए गए हैं, जिसकी जांच आवश्यक है। आवेदनकर्ता ने मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पंचायत पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। शिकायत की प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली को भी भेजी गई है।

## रामपुर स्कूल में हुए स्पोर्ट्स एक्टिविटी

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में शनिवार को स्पोर्ट्स एक्टिविटी हुए जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। व्यायाम, पीटी ड्रिल, मार्चपास्ट, एरोबिक एक्सरसाइज, जुंबा डांस एवं विभिन्न प्रकार की गतिविधियां व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू द्वारा करवाई गई। यह आयोजन विद्यालय प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में हुआ।

# आईएएस के खिलाफ कार्रवाई की मांग

■ तहसील ब्राम्हण समाज ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



विगत दिनों आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने ब्राम्हण समाज की बेटियों के लिए कथित अभद्र बयान दिया था। इससे देशभर के विप्र समाज में रोष व्याप्त है। देश के अनेक जगह विरोध प्रदर्शन व कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी के चलते तहसील ब्राम्हण समाज कुरुद द्वारा थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपकर भारतीय आचार संहिता की धारा 196, 298, 299 व स्त्री अशिष्ट रुपण प्रतिशेध अधिनियम एवं धारा 153 तथा आईटी एक्ट सेक्शन 67 के तहत अपराध पंजीबद्ध करने की अपील की गई है।

तहसील ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि आईएएस अधिकारी वर्मा द्वारा अशिष्ट व अशोभनीय टिप्पणी से विप्र समाज आहत हैं, ऐसे शख्स जो समाज को नीचा दिखाने व अपमानित करते हैं। इन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला ब्राम्हण सामाज के हैग्रीव प्रसाद शर्मा, जगमोहन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश शुक्ला, तहसील ब्राम्हण समाज अध्यक्ष कमलेश तिवारी, सचिव लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आशीष शर्मा, कमल शर्मा, अनिल झा, शरद पंडा, शिव मोहन पांडे, सोनू द्विवेदी शामिल थे।

# कोचिया से 68 क्विंटल अवैध धान जब्त

■ कोचिया किसी प्रकार का अनुमति पत्र अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम खपरी-जोरातराई से छाती की ओर ले जाये जा रहे लगभग 168 कट्टा (68.20 क्विंटल) धान को कोचिया धनेश्वर सिंह पिता रामचंद सिंह निवासी सेमरा (सि.) सिलौटी द्वारा किसानों से अवैध रूप से खरीदा गया पाया गया। धान से भरे ट्रैक्टर को मौके पर रोककर जांच की गई, जिसमें कोचिये द्वारा किसी भी प्रकार का अनुमति पत्र अथवा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मंडी शुल्क एवं वैधता की जांच के लिए वाहन तथा धान को मंडी नियमों के तहत जब्त किया गया। ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 07 एक्स 4029 को भखारा थाना परिसर लाया गया। प्रारंभ में कोचिया द्वारा वाहन को थाना भखारा की अभिरक्षा में रखने की बात कही गई, परंतु बाद में उन्होंने इसे मंडी परिसर कुरूद में रखने का अनुरोध किया। पंचों के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया, जिसे सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया गया।

इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध धान खरीदी, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी बनाने के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, राजस्व एवं पुलिस दलों को सतत पेट्रोलिंग करने और संदिग्ध वाहनों की जांच अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए हैं।

# जागरूकता ही एड्स से लड़ाई का सबसे प्रभावी साधन




■ नर्सिंग कालेज के छात्रों ने रैली, प्रदर्शनी और नाट्य मंचन से दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व एड्स दिवस पर रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लिमतरा तथा फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एचआईवी, एड्स के संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर कर सही एवं वैज्ञानिक जानकारी लोगों तक पहुंचाना और युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था।

इस वर्ष की थीम अधिकारों का मार्ग अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार के अनुरूप कार्यक्रम में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने एचआईवी संक्रमण के मार्ग, रोकथाम के उपाय, नियमित जांच की आवश्यकता, एआरटी उपचार तथा समाज में भेदभाव समाप्त करने की आवश्यकता पर जानकारी प्रदान की। नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली, पोस्टर एवं मॉडल प्रदर्शनी, स्वास्थ्य परामर्श शिविर तथा नाट्य प्रस्तुति आयोजित की गई।

नाट्य प्रस्तुति ने समाज में संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सहानुभूति एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। आयोजकों ने कहा कि एचआईवी एड्स से लड़ाई का सबसे प्रभावी साधन जागरूकता है। इस बीमारी से पीड़ित लोगों के प्रति भेदभाव समाप्त करना और समाज में सही संदेश पहुंचाना नर्सिंग विद्यार्थियों का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. यूएल कौशिक सीएमओ ने की।

# अज़ीम प्रेमजी स्कूल में लगा बाल शोध मेला, बच्चों की प्रतिभा चमकी

■ विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने लगाए स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी









ग्राम शंकरदाह स्थित अज़ीम प्रेमजी इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में 28 नवंबर को बाल शोध मेला का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने शोध कार्य, मॉडल, चार्ट और गतिविधियों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। मेला का उद्देश्य बच्चों में खोज, जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था। इस आयोजन में शासकीय माध्यमिक शाला कंडेल, हाईस्कूल झिरिया, माध्यमिक शाला नवागांव, सांकरा, अधारी नवागांव सहित कुकरेल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विज्ञान कॉर्नर में ग्रीन हाइड्रोपोनिक चारा, प्राकृतिक कीटनाशक निर्माण, हाइड्रोलिक लिफ्ट, वोकल विज़ुअलाइज़र और पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। भाषा और अंग्रेज़ी कॉर्नरों में शब्दावली, व्याकरण, पहेलियां व भाषा खेलों के रोचक मॉडल प्रदर्शित किए गए। हिंदी कॉर्नर में प्रकृति संरक्षण और पर्यावरणीय संकट पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियां रहीं।

आर्ट कॉर्नर में प्राकृतिक रंगाई, मधुबनी, गोंड, वारली तथा अन्य कलाओं की झलक देखने मिली। सोशल साइंस कॉर्नर में मिनी म्यूज़ियम, जनजातीय संस्कृति और मौलिक अधिकारों पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। स्पोर्ट्स कॉर्नर में गेड़ी, हुला हूप, कबड्डी, कुश्ती और क्रिकेट जैसे खेलों ने सभी का मन मोह लिया।

म्यूज़िक कॉर्नर में बच्चों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट वाद्य यंत्र बनाए और प्रस्तुत किए। मैथ्स कॉर्नर में जादुई कैलेंडर, हनोई टावर, कोनिग्सबर्ग ब्रिज समस्या तथा डेटा एनालिसिस से दर्शकों ने गणित का नया स्वरूप देखा। पुस्तकालय कॉर्नर में पुस्तक अंताक्षरी और रोचक खेल रखे गए। कार्यक्रम में अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, फ़ाउंडेशन और हेल्थ प्रोग्राम के सदस्यों सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। समापन में प्रमाणपत्र वितरण किया गया।

# गीता जयंती पर बीएलओ हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ प्रीतेश ने सौंपा एसआईआर परिपत्र



गीता जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में जुटे बीएलओ एवं एसआईआर कर्मियों को सम्मानित किया। सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड स्थित अपने निवास में प्रीतेश गांधी ने बीएलओ दमयंती साहू एवं मितानिन फूलमणि बंजारे का श्रीफल एवं गीता ग्रंथ देकर अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की अस्मिता से जुड़े इस महत्वपूर्ण अभियान में कार्यरत बीएलओ वास्तविक राष्ट्र प्रहरी की भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए उनका सम्मान हम सबका नैतिक दायित्व है।

पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि गीता जीवन की आचार संहिता है, जिसे अपनाकर मनुष्य हर कठिनाई पर विजय पा सकता है। उन्होंने बीएलओ को राष्ट्र रक्षक बताते हुए उनके समर्पण की सराहना की। सम्मान पाकर एसआईआर कार्यक्रम से जुड़े कर्मचारी भावुक हो गए और कर्तव्य पथ पर डटे रहकर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा आमदी मंडल के ललित माणिक, लोचन शाह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आदिवासी गोंड समाज महिला प्रभाग की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आदिवासी गोंड समाज महिला प्रभाग धमतरी की बैठक गोंडवाना भवन धमतरी में हुई जिसमें राजाराव पठार में होने वाले वीर मेले को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई। मां अंगरमोती प्रांगण में सामूहिक विवाह करवाने का सभी मातृशक्तियों ने संकल्प लिया।

बैठक में श्रीमती ईश्वरी नेताम जिला अध्यक्ष धमतरी, श्रीमती चंद्रकला नेताम जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, प्रेमलता नेताम तहसील अध्यक्ष, सविता नेताम सचिव, शीला नेताम सचिव, रमी गौतम सहसचिव, श्रीमती दिव्या कतलाम कोषाध्यक्ष, चन्द्रकिरण नेताम उपाध्यक्ष, सलाहकार शान्ति ध्रुव, गीता नेताम, नन्दा ध्रुव, सीता सलाम, दीपा ध्रुव, पुष्पा ध्रुव व अन्य सदस्य शामिल थीं।

## चेस इंटर हाउस इंट्रामुरल स्पर्धा हुई

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में नियमित एक्टिविटी के तहत इस शनिवार को चेस इंटर हाउस इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों हाउस सत्यम, शिवम, सुंदरम और मधुरम हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। कुल 20 टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रथम स्थान देवराज सुन्दर हाउस, द्वितीय स्थान दीपक सुंदरम हाउस ने प्राप्त किया। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग खेल प्रतियोगिता प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित की जाती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020